## सार-समाचार

### लोक नृत्य से मतदान के लिये प्रेरित किया



**बांसवाडा, (निसं)।** सतरंगी सप्ताह के प्रथम दिन हम भी नाचेंगे गाएंगे और वोट डालकर आएंगे थीम पर जनजाति समूह ने लोक नृत्य के माध्यम से आमजन को मतदान दिवस को अनिवार्य मतदान के लिये प्रेरित किया। जिला स्वीप प्रभारी प्रितेश अधिकारी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स्वीप प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत सात दिनों तक विविध स्थानों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जन को अनिवार्य मतदान के लिये प्रेरित किया जाएगा। साथ ही जिन मतदान केंद्रों पर पिछले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में कम मतदान प्रतिशत रहा है वहां सघन स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढाने के प्रयास किए जाएंगे। टीएडी विभाग के सौजन्य से आयोजित सतरंगी सप्ताह के प्रथम दिन हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे में जनजाति समूह एवं जनजाति बालक बालिकाओं ने महात्मा गांधी चिकित्सालय चौराहे पर परंपरागत गैर लोक नृत्य एवं आकर्षक लोक नृत्यों से आमजन का मन मोह लिया। इस अवसर पर बांसवाडा विधानसभा क्षेत्र के आबापुरा तहसीलदार गुणवंत माली ने आमजन को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में टीएडी विभाग की उपायुक्त अरूणा डिंडोर, चंपालाल बारगोट, महावीर ऊकावत, राम सिंह चरपोटा, हेमंत त्रिवेदी, रेखा कंसारा, कमलेश गर्ग, कुशाग्र जोशी, प्रभु लाल कटारा, किशोर कुमार आदि मौजूद रहे।

### जनता राम का अपमान करने वालों को भूलेगी नहीं : विधायक दीप्ति

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने रामनवमी के पावन अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला का भव्य एवं दिव्य मंदिर सभी देश भक्तों को हर्षित और गर्वित कर रहा है। जनता प्रभु श्रीराम का अपमान करने वालों को भूलेगी नहीं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करके करोडों सनातनियों एवं देशवासियों की भावनाओं पर आघात करने वालों को चुनाव में कड़ा पाठ पढाना है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने केलवा, प्रेमपुरा एवं राजसमन्द नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताता है। ये नेता सनातन धर्म को मिटाने की बाते करते है। देश के परमाणु शस्त्रों को समाप्त करने की खुली घोषणा करते है। इंडिया गठबंधन देश विरोध का पाप कर रहा है। माहेश्वरी ने कहा कि एक परिवार के स्वामित्व वाली पार्टियां देश की प्रगति और सुरक्षा के लिए सबसे बडा खतरा है। देश को दुर्बल बनाने के षड्यंत्र को जनता समाप्त कर रही है। हमें लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर अपना विश्वास व्यक्त करना है। सबका साथ, सबका विकास की विचारधारा के साथ पूरी शक्ति से खडा रहना है। बाद में मदारिया, जीरण, दिवेर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए देवगढ में रामनवमी पर होने वाले कार्यक्रम में शिरकत की।

### रात्रि जागरण में श्रद्धालु उमड़े

**भीम, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरार की पहाड़ियों स्थित चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्र के दौरान दुर्गा अष्टमी को विशाल रात्रि जागरण के साथ भजन संध्या सहित हवन आहुतियां के साथ ज्वारा विसर्जन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर चामुंडा माता की मूर्ति को श्रवण कुमार सुरेश कुमार रमेश कुमार आदि उपासकों द्वारा आकर्षक शृंगार धराया गया। मंगलवार देर रात्रि तक भजन संध्या में कलाकारों द्वारा भक्ति भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। रामनवमी के दौरान बुधवार सवेरे महाआरती के साथ प्रयागराज के पंडित विवेक त्रिवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां दी। चामुंडा माता के ज्वारा विसर्जन की शोभायात्रा ढोल नगाड़ा बैंड बाजों की धुन पर बुधवार सुबह 9:00 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बस स्टैंड सदर बाजार गुंगा मंगरी होते हुए तालाब पछोर स्थित कुएं पर पहुंची। जहां ज्वारा विसर्जन कर क्षेत्र में खुशहाली की मंगल कामना सहित भोपा जी ने वायेका कहे। चामुंडा माता की ज्वारा विसर्जन शोभायात्रा में सूरत अहमदाबाद उदयपुर ब्यावर अजमेर सहित नरवर दिवेर के श्रद्धालु माता की जयघोष के साथ नाचते झूमते मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की मन्नत मांगी।

### पीएम की प्रस्तावित यात्रा की तैयारी बैठक

**बांसवाडा, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की जिले में 21 अप्रेल की प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिये गये। उन्होंने शहर के कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित सभा को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं में हैलीपेण्ड, कानून व्यवस्था, हैलीपैण्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने कानून व यातायात व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए सभा व हैलीपेड स्थल के आस-पास बेरीकेटिंग करने, पर्याप्त पुलिस जाप्ता लगाने आदि को लेकर निर्देश दिए। बैठक के पश्चात अधिकारियों ने सभास्थल, कॉलेज ग्राउण्ड पर बनाए जा रहे हेलीपेड का अवलोकन किया और जिला कलक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक ने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल को ध्यान में रखते हुए सभी तरह की तैयारी व व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिये।

# रामनवमी पर विशाल शोभायात्रा निकली, हजारों धर्मप्रेमी उमड़े

- रामलला के जयकारों से गुंजेयमान हुई गिरीनगरी
- जीवंत झांकियों ने मोहा मन, जगह जगह लगी स्टॉलों ने दी राहत

**डूंगरपुर, (निसं)।** मर्यादा पुरषोत्तम भगवान रामलला के जन्मोत्सव की धूम जिले सहित शहर भर में रही। चैत्र नवरात्र के पूर्ण होने के साथ ही रामनवमी पर शहर के रामबोला मठ मंदिर में होमात्मक अनुष्ठान के साथ ही भव्य आरती में भक्तजन शामिल हुए।

रामनवमी को लेकर रामजन्मोत्सव समिति एवं सनातन धर्म समिति के तत्वावधान में शहर में विराट शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शहर सहित गांवों से हजारों भक्तों की उपस्थित ने समुची गिरीनगरी को रामलला के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा को देखने के लिए शहरवासियों का हुजूम उमड़ पड़ा। शोभायात्रा से पूर्व बादल महल कथा स्थल पर अतिथियों ने सभी रामभक्तों को रामजन्मोत्सव की शुभकामना देते हुए आव्हान किया कि वह मर्यादा पुरषोत्तम राम के आदर्शों का पालन करते हुए इस ऐतिहासिक शोभायात्रा को मर्यादा के तहत पूरी करें।



भगवान राम की शोभायात्रा में भक्तों का जन सैलाब उमड़ा।

शोभायात्रा में महिला वर्ग भी अग्रणी क्रम में दिखाई दिया। जिसमें दुपहिया वाहनों पर नारीशक्ति ने मराठी वेशभूषा धारण कर जोश के साथ रामलला के जयकारे लगाते दिखाई दी। मराठी परिधान में शामिल महिलाओं ने आभुषणों से सुसज्जित होकर शोभायात्रा में भारतीय संस्कृति का बोध कराया। शोभायात्रा में जिले के विभिन्न गांवो से ज्यादा डीजे शामिल हुए। युवावर्ग की टोलियों ने भक्ति गीतों पर जय श्री राम जय जय राम के जयकारो के साथ अपना जोश दिखातें हुए नृत्य किया। भक्ति धुनो पर युवा वर्ग के साथ ही नौनिहाल, युवतियां, महिलाओ ने अपने जयकारो के साथ डीजे की धुन पर कदम से कदम मिला कर समुचे शहर को थिरकाया। शोभायात्रा में शहर में 3 किलोमीटर तक रामभक्तों की भीड़ लग गई।

जहां देखो वहां सिर्फ हाथों में भगवा लिए लोगों नजर आ रहे थे। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त पहुंचने के साथ ही जिला प्रशासन मुस्तैद रहा। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन चारण, उपाधीक्षक राजकुमार राजोरा, विभिन्न थानों थानाधिकारी एवं जवान चप्पे चप्पे पर अपनी पैनी निगाहे जमाये हुए थे।

इस अवसर पर शोभायात्रा से पूर्व बादल महल परिसर पर पाण्डाल में आयोजित धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए साध्वी सरस्वती ने कहा कि शस्त्र व शास्त्र धर्म की रक्षा के लिए वर्तमान परिपेक्ष्य में बहुत आवश्यक है। क्यों कि वर्तमान में विदेशी ताकते भारत की सम्प्रभुता को तोडने के लिए नाना प्रकार के हथियार अपना रही है। साथ ही धर्मान्तरण व लव जिहाद जैसे मामलों ने हिन्दू धर्म पर कुठाराघात किया है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि हम शास्त्रों में बताये मार्ग पर चलते हुए अपनी जीवन शैली को आगे बढाये ताकि समाज में जो आ रही विकृतियां और उस पर हमला करने वाली ताकतो को मुंहतोड जवाब दिया जा सके।


### गीली लकड़ियों से भरा ट्रक जब्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना पुलिस ने गीली लकड़ी से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक आसपुर की ओर से आ रहा था। वन विभाग पकड़ी गई लकड़ी पर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई करेगा। दोवडा थानाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर नाकेबंदी कर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है। इसके तहत डूंगरपुर से आसपुर रोड पर नाकेबंदी कर गाड़ियों की जांच की जा रही थी। दोवडा तिराहे पर नाकेबंदी के दौरान आसपुर की ओर से आ रहे आइसर ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली। ट्रक में गीली लकड़ी भरी हुई थी,लेकिन ट्रक में भरी लकडी के परिवहन को लेकर कोई कागजात नहीं मिले। इस पर पुलिस ने लकडी से भरे ट्रक को जब्त कर लिया। डाईवर लकडी को किस जगह से भरकर लाया और किस जगह लेकर जा रहे थे। इस बारे में जांच की जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई की सूचना वन विभाग को दी है।

## डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की

**उदयपुर, (निसं)।** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और प्रभु श्रीराम के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने रामनवमी पर पिछोला झील के हनुमान घाट स्थित श्रीराम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने मेवाड की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए वेदपाठी ब्राह्मणों के वेद-मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रभु श्रीराम के राम दरबार में पुष्प, अक्षत, नैवेद्य इत्यादि अर्पित कर विशेष पूजन किया। प्रभु श्रीराम की भव्य आरती कर मेवाड में सुख-समृद्धि की कामना की। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने कहा कि मैं शोभाग्यशाली हूं कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नवनिर्मित भव्य मंदिर में विराजित रामलला के दर्शन किए। हम सबके लिए गौरव की बात है कि प्रभु रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान करने का संकल्प करीब 500 साल बाद साकार हो गया है। मेवाड़ प्राचीनकाल से ही सनातन धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा।



डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने रामनवमी पर पिछोला झील के हनुमान घाट स्थित श्रीराम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की।

## भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने राजसमंद का दौरा किया

- चारभुजानाथ के किए दर्शन, चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**राजसमंद, (निसं)।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी व महिला प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी मण्डावत बुधवार को राजसमन्द जिले के दौरे पर रही। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता सनाढ्य ने भी पदाधिकारियों के साथ चारभुजाजी के दर्शन कर राजस्थान में खुशहाली की कामना की तथा केंद्र में पुनः तीसरी बार भाजपा की मोदी सरकार बनाने की मन्नत मांगी।

इस दौरान मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान, जिला मीडिया प्रभारी नीलम न्याति, जिला महामंत्री किरण पगारिया, सोना सिंह, टीना पालीवाल, खमनोर मंडल अध्यक्ष कमल सोनी, हीरा कंवर, रेखा पालीवाल, गोदावरी देवी सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रही। रक्षा भंडारी के राजसमंद द्वारा दौरे के दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता सनाढ्य, मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान के नेतृत्व में जन्मदिन मनाया गया तथा केक काटा गया। महिलाओं के बीच एक-दूसरे को खिलाकर शुभकामनाएं दी।

रक्षा भंडारी ने भीम-देवगढ विधानसभा के मदारिया में आयोजित चुनावी सभा में भाग लिया। जहां राजसमन्द लोकसभा प्रत्याशी महिमाकुमारी मेवाड के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया तथा केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आव्हान किया। महिलाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा किए कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान महिला प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी मंडावत, भीम देवगढ विधायक हरिसिंह रावत, देवगढ नगर पालिका चेयरमैन शोभालाल रैगर, महिला जिलाध्यक्ष सविता सनाढ्य, किशन गुर्जर, मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान, जिला मीडिया प्रभारी नीलम न्याति, सोनासिंह, टीना पालीवाल समेत क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

**राजसमंद, (निसं)।** श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी पर्व पर जिले के कुमावत समाज रुणपछौर चौकी संस्थान की ओर से श्री खेडापति सिद्ध हनुमान मंदिर सनवाड परिसर में प्रातः 9 बजे समाज अध्यक्ष सुंदरलाल दौराया ने प्रभु श्रीराम के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मीडिया प्रभारी अशोक कुमावत ने बताया कि भजन गायकों व मंदिर पुजारी गोपालदास का समाज की ओर से इकलाई ओढाकर स्वागत किया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति से मंदिर में भक्तिमय माहौल बन गया। सभी समाजबंधुओं ने भगवान श्रीराम की झांकी के दर्शन कर व प्रभु श्रीराम की महाआरती के बाद महाप्रसाद वितरित किया।

## सार-समाचार

### पेंटिंग्स से मतदान का संदेश दिया



**उदयपुर, (निसं)।** भूपाल नोबल्स पीजी महाविद्यालय में संचालित दृश्य कला विभाग द्वारा हाथों पर पेंटिंग्स बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। बी एन महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. रेणू राठौड ने बताया कि दृश्य कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कंचन राणावत के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने हाथों पर मतदान विषय पर चित्र उकेरे तथा उन्होंने कहा कि देश की दिशा एवं दशा निर्धारित करने के लिए हर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर सहअधिष्ठाता डॉ. रितु तोमर, डॉ. सुमेघा आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी दीपक सालवी, शिवप्रताप सिंह नाथावत, जिग्नेश भारती गोस्वामी, कंचन रावत, ईश्वर औदिच्य, दीपक भोई, दिनेश वागरिया आदि थे। संस्थान चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ.महेंद्र सिंह राठौड, प्रबंधन निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड आदि ने शत प्रतिशत मतदान का आव्हान करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। यह जानकारी जन सम्पर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह ने दी।

### बुजर्गों के लिए होम वोटिंग वरदान

**बांसवाडा, (निसं)।** लोकसभा आम चुनाव के तहत होम वोटिंग की प्रक्रिया के चौथे दिन भी वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। जिले में 85 प्लस व दिव्यांग चिन्हित मतदाताओं ने अपने-अपने घर से मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाई। पात्र मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल की प्रशंसा की और उनके परिजनों ने वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए इसे उपयोगी बताते हुए निर्वाचन आयोग की इस पहल के लिए आयोग का आभार जताया। जिले की छोटी सरवन पंचायत समिति के 107 वर्षीय होमला व उसकी 105 वर्षीय पत्नी वैस्ती ने उत्साह के साथ घर बैठे मतदान सुविधा का लाभ उठाया एवं मतदान किया। उन्होंने कहा कि मैं मतदान केंद्र पर जाने में असमर्थ थी निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन की होम वोटिंग की सुविधा वृद्धजनों के लिये वरदान साबित हो रही है। लोकसभा एवं विधानसभा उप चुनाव के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रारंभ की गई होम वोटिंग से जिले में वृद्धजन एवं विकलांग चिन्हित मतदाता राहत महसुस कर रहे है तथा बढती गर्मी के समय में घर बैठे मतदान की सुविधा से मतदाताओं के साथ उनके परिजन भी प्रसन्न है।

### अष्ठानिका महोत्सव का चौथा दिन

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर इन दिनों चल रहे कार्यक्रमों के तहत बुधवार को फौज का बदला स्थित शामलाजी का उण्डा मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ आयोजित किये गए। बुधवार को प्रात: श्री जैन नवयुवक मंडल एवं सकल जैन समाज के प्रतिनिधि फौज का बडला मंदिर पहुंच के जहां देवदर्शन के पश्चात भक्ताम्बर स्त्रोत का पाठ किया गया इसके पश्चात गर्भग्रह विराजित मुलनायक भगवान का पंचामृत अभिषेक तथा विभिन्न धार्मिक क्रिया विधिविधान के साथ की गयी। इस दौरान श्री जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सुबोध सरैया,महामंत्री नरेश जैन, रोनी मेहता, संकल्प वखारिया, कोषाध्यक्ष हितेश दावडा,दिग्पाल गाँधी, केसु भाई नागदा, महेंद्र गाँधी, संजय मेहता, हेमेंद्र मेहता, चेतन सेठ, राजेश डेंडू, रवि भाई सेठ, शैलेश मेहता, निलेश डेंडू सहित महिला पुरुष उपस्थित थे। यहाँ फिर सकल संघ के प्रतिनिधि भण्डारिया स्थित श्रीमहावीर गो-शाला पहुंचे जहां पर पशुओं को चारा व गुड खिलाया गया साथ ही नागदा समाज के प्रतिनिधि ने गो शाला हेतु 17000/- रूपये का चेक पृथ्वीराज जैन, रमणलाल जैन, नागदा नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष सुनील जैन, लोकेश पारस, मुकेश नागदा, हितेश जैन ने भेंट किया।

### रामनवमी पर वाहन रैली निकली

**कपासन, (निसं)।** राम नवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी एवं भारत विकास परिषद के तत्वाधान में राधा कृष्ण मन्दिर कपासन से भव्य वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली स्टेशन मार्ग स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से रैली रवाना हुई जो सांवरिया जी चौराहा, दशहरा मैदान, सेठ जी की बागीजी, खारी बावड़ी बालाजी मंदिर, पीपली बाजार से मुख्य बाजार होते हुए निकाली। रैली में भगवान राम की झांकियां सजाई गई। सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रैली को सफल बनाने में बजरंग दल जिला सह संयोजक रोहित सिंह राजपूत, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष लाला चाष्टा, प्रखंड मंत्री गोपाल कृष्ण काबरा, कमलेश वैष्णव, नमन बारेगामा, पराग शर्मा, दुर्गा वाहिनी से ऋतु बारेगामा, सुनीता बारेगामा, जीविका बारेगामा, आयुषी बारेगामा, गरिमा बारेगामा, रमेश चन्द्र विजयवर्गीय सहित परिषद सदस्य उपस्थित थे।

### पूनिया आज सभाएं करेंगे

**बांसवाड़ा, (निसं)।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया बुधवार को जिले में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी संजय पंड्या ने बताया कि पुनिया भाजपा प्रत्याशी के साथ सुबह 10.15 बजे चौरासी विधानसभा के चिखली में, दूसरी सभा कुशलगढ के टिमेडा में बारह बजे, तीसरी सभा एक बजे दानपुर बांसवाडा में, चौथी सभा ढाई बजे बागीदौरा के भोयन घाटी एवं पांचवी सभा साढे तीन बजे पीपलखूंट के केलामेला में संबोधित करेंगे।

# ‘धर्म, समाज व संस्कृति से दूर करने वाली ताकतों से सावधान रहें’

- गुजरात के शिक्षा मंत्री डॉ. कुबेर भाई डिंडोर ने महेंद्रजीत सिंह मालवीया व सुभाष तंबोलिया के समर्थन के समर्थन सभा की

**बांसवाड़ा, (निसं)।** कुछ ताकतें अपना राजनैतिक हित साधने के लिए आरक्षण के नाम पर धर्म समाज और संस्कृति से दूर करने का प्रयास कर रहे हैं ऐसी ताकतों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

उक्त आव्हान गुजरात के आदिजाति विकास व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर डॉ. कुबेर भाई डिंडोर ने मुन्दरी गांव में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया व सुभाष तंबोलिया के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में आदिवासी युवाओं से किया। उन्होंने कहा कि तीन दशक पहले बांसवाडा, डूंगरपुर, दाहोद व झाबुआ के तत्कालीन सांसदों ने अलग भील प्रदेश की मांग का शिगूफा छोडा था जो ज्यादा नहीं चला लेकिन उनका जिन गुजरात में पैदा हो गया और बीटीपी के नाम से समाज को गुमराह कर 15 साल तक दो विधायक जीतते रहे जिनसे जनता का कोई भला नहीं हुआ आज ये बीटीपी को छोड भाजपा में शामिल हो गए हैं। अब ये ताकतें अपनी पार्टी का नाम बदलकर दक्षिण राजस्थान के युवाओं को आरक्षण व संविधान खत्म करने की आड में गुमराह कर अपना राजनैतिक हित साधने की कोशिश कर रही हैं लेकिन उनके मंसूबों को कभी कामयाब नही होने देंगे।



मुन्दरी गांव में गुजरात के शिक्षा मंत्री डॉ. कुबेर भाई डिंडोर ने चुनावी सभा को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री व देश के गृहमंत्री सार्वजनिक मंचों से संविधान व आरक्षण के साथ किसी तरह की छेडछाड नहीं करने की घोषणा कर चुके है हमें उनके संकल्पो पर विश्वास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह धरती गोविंद गुरु, संत मावजी महाराज की रही है यहां की संस्कृति व सामाजिक समरसता को बिगाडने का प्रयास करने वालों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सभा को प्रत्याशी महेन्द्रजीतसिंह मालवीया, सांसद कनकमल कटारा, सुभाष तंबोलिया, रेशम मालवीया, खेमराज गरासिया आदि ने संबोधित किया।

### महिमा कुमारी मेवाड ने भीम व देवगढ में जनसंपर्क किया

**राजसमंद, (निसं)।** लोकसभा चुनाव 2024 में राजसमंद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड ने कहा कि भाजपा एक ऐसी सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक पार्टी है जिसके लिए राष्ट्र से बढकर कुछ भी नहीं है। भाजपा की रीति नीति और योजनाएं हमेशा ही देश और देश की जनता के लिए होती है। महिमा कुमारी मेवाड ने बुधवार को पीपलीनगर, मंडावर, लखागुडा, बगड काछबली क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए काछबली में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं सहित सभी वर्गों के लिए कार्य योजना तैयार की है लेकिन महिलाओं का विशेष ध्यान रखा है। मोदी सरकार के 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के जो कार्य हुए हैं वैसे कार्य किसी सरकार ने नहीं किए। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आत्म निर्भर दिखाई देती है।

सभा को संबोधित करते हुए भीम विधायक हरिसिंह रावत ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य की गहलोत सरकार ने मगरा क्षेत्र में कोई भी विकास के कार्य नहीं किए वरन केंद्र से आने वाले विकास कार्यों में भी रोडे अटकाए थे। लेकिन अब राज्य में भाजपा की सरकार है, केंद्र में मोदी सरकार बनेगी और राजसमंद से महिमा कुमारी मेवाड जीत कर लोकसभा में जाएगी।

# जंगल के बीच नाले को पार कर मतदान कराया

**उदयपुर, (निसं)।** भारतीय लोकतंत्र पूरे दुनिया के लिए अचरज का कारण बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की निर्वाचन प्रक्रिया तो कई विश्वविद्यालयों के लिए अध्ययन का विषय बनी हुई है।

लोकतंत्र की मजबूती जहां एक तरफ मतदाताओं के उत्साह पर निर्भर है, वहीं दूसरी ओर मतदान प्रक्रिया में जुटे कार्मिकों के समर्पण में भी निहित है। इसकी बानगी होम वोटिंग के दौरान देखने को मिल रही है। मतदान दल हाथों में वोटिंग की सामग्री थामे पथरीली राहों पर कई किलोमीटर पैदल चल कर मतदाताओं के घर पहुंच कर वोटिंग करा रहे हैं। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में अरावली की उपत्यकाओं के बीच स्थित गोगुन्दा विधानसभा क्षेत्र दुर्गम स्थल माना जाता है। यहां पहाड़ियों, जंगलों और नदी नालों के बीच जनजाति आबादी निवास करती है।

होम वोटिंग टीमें तमाम भौगोलिक विषमताओं के बावजूद कर्तव्य निर्वहन में पीछे नहीं हट रहे। बुधवार को गोगुन्दा विधानसभा क्षेत्र में मतदान दल क्रमांक 1 के पीठासीन अधिकारी और टीम जंगल में नाले को पैदल पार कर मग्घा गांव में वरिष्ठ नागरिक नोजकी देवी के घर पहुंचे और उनसे मतदान कराया।



गोगुन्दा क्षेत्र में मग्घा गांव जाने के लिए होम वोटिंग टीम ने नाला पार कर वरिष्ठ नागरिक नोजकी देवी से मतदान कराया।

इससे पूर्व भी गोगुन्दा और झाडोल क्षेत्र में दुर्गम स्थलों पर मतदान टीमों के पहुंच कर मतदान कराने के उदाहरण सामने आ चुके हैं।